Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to expedite Doubling of Tapri – Muzaffarnagar railway line in Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर): मैं सरकार का ध्यान टपरी-मुजफ्फरनगर रेल लाईन के दोहरीकरण के कार्य में ही रहे विलम्ब की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ।

पिछले पचास वर्षों से भी अधिक समय से जनपद सहारनपुर की जनता, टपरी से मुजफ्फरनगर तक के रेलमार्ग के दोहरीकरण की माँग करती आ रही थी, जिसे वर्ष 2014 में केद्र में निर्वाचित हुई आदरणीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेद्र मोदी जी की सरकार ने मंजूर किया था। वित्तीय वर्ष 2015-16 के आम बजट में इस महत्वपूर्ण परियोजना को केद्र सरकार ने अपनी स्वीकृति प्रदान की थी, जिसका कि तीन वर्ष में कार्य पूर्ण होना था। 52 किमी, लम्बे इस रेलमार्ग के दोहरीकरण के कार्य हेतु 376.78 करोड़ रुपये की धनराशि उस समय रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत की गयी थी तथा 6 जनवरी 2016 को रेल राज्यमंत्री माननीय मनोज सिन्हा जी द्वारा इसका शिलान्यास किया गया था। किन्तु न जाने किन करणों से इस योजना पर कार्य अत्यंत विलम्ब से चल रहा है, जिस कारण लागत धनराशि के भी बढ़ने की आशंका है। कार्य की शिथिलता से हमारी सरकार की छवि भी प्रभावित हो सकती है।

अत: मैं सरकार से माँग करता हूँ कि तय समय-सीमा के अंतर्गत इस कार्य को पूर्ण कराने हेतु जो भी कारण उत्पन्न हुए हों, उन कारणों को दूर करते हुए कार्य को शीघ्रता से संचालित कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जायें।